भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1063

29 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, नई दिल्ली में सर्जरी के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि

1063. # श्री रामजीलाल सुमनः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में गंभीर इलाज करा रहे मरीजों को सर्जरी के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि दी जा रही है;
(ख) आज की तिथि तक कितने मरीज ऐसे हैं जिन्होंने एम्स में सर्जरी हेतु तय राशि जमा करा दी है, लेकिन उनकी सर्जरी अभी भी लंबित है; और
(ग) हृदय, कीडनी और लीवर के रोगों से पीड़ित कितने मरीज हैं जिन्हें सर्जरी के लिए एक वर्ष से अधिक की तिथि दी गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के नेत्र रोग, ईएनटी, बाल रोग, बर्न एवं प्लास्टिक, यूरोलॉजी और दंत चिकित्सा विभाग में गंभीर उपचार करा रहे मरीजों की सर्जरी के लिए कोई प्रतीक्षा अवधि नहीं है। सामान्य सर्जरी में प्रतीक्षा अवधि 2 महीने तक है और स्त्री रोग हेतु घातक बीमारी के गंभीर मामलों के लिए प्रतीक्षा अवधि 3 महीने तक है। गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल सर्जरी में गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन अधिकतम प्रतीक्षा अवधि 3 से 6 महीने के बीच हो सकती है। कार्डियो-थोरेसिक-वैस्कुलर सर्जरी और न्यूरोसर्जरी में गंभीर और आपातकालीन मामलों में आवश्यक होने पर ऑपरेशन किया जाता है। हालांकि, मरीजों की अधिकता के कारण नियोजित प्रक्रियाओं के लिए सामान्य प्रतीक्षा अवधि 2 वर्ष तक हो सकती है। कार्डियो-थोरेसिक-वैस्कुलर सर्जरी के लिए 690, न्यूरोसर्जरी के लिए 1324, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के लिए 305 और कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी के लिए 28 मरीज़ ऑपरेशन के लिए प्रतीक्षारत हैं। हृदय रोग से पीड़ित किसी भी मरीज़ को एक वर्ष से अधिक की सर्जरी की तारीख़ नहीं दी गई है। गुर्दे की बीमारी के अंतिम चरण वाले किसी भी मरीज़, जिसके पास गुर्दा दानकर्ता उपलब्ध है, को एक वर्ष से अधिक की तारीख़ नहीं दी गई है। री-सेटेबल यकृत रोगों की सर्जरी के लिए कोई प्रतीक्षा अवधि नहीं है। यकृत प्रत्यारोपण के मामलों में, सर्जरी दानदाताओं की उपलब्धता पर निर्भर करती है।

*****